Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In November 2015

'पूर्व विद्यार्थी ही संस्थान के वास्तविक ब्रैंड अंबेसडर'

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि थे। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति डा. आरएस शर्मा सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी किसी भी विभाग व संस्थान के वास्तविक ब्रैंड अंबेसडर होते हैं। जिस संस्थान के पूर्व विद्यार्थी जितना अधिक विकास करेंगे संस्थान का स्तर उतना ही अधिक बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के पूर्व विद्यार्थी न केवल विश्वविद्यालय में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं बल्कि राज्य, राष्ट्र व दुनियां के अन्य देशों में जाकर भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि डा. आरएस शर्मा ने कहा कि स्वप्न ऊंचे देखें, कठिन मेहनत करें तथा सकारात्मक सोच रखें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने वर्तमान

कुलपति डॉ. आरएस शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार।

एवं पूर्व विद्यार्थियों से कहा कि वे कुशलता हासिल करने के बाद देश में सेवाएं देने को प्राथमिकता दें। प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष अंजन कुमार बराल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाद के सत्र में पूर्व विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

दैनिक जागरण 1/11/15